PIONEER
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

टीसीएस आई विज़ का विजेता बना एलपीएस

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस. आईटी विज 2011 के रोमांचक और तीव्र प्रतियोगिता के दौर को सफलतापूर्वक पार करके लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर डी, कानपुर रोड की टीम के प्रांशु अग्रवाल एवं हिमांशु ने विजेता ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के अंशु और समृद्धि कुडेसिया ने उपविजेता की रनरअप ट्राफी प्राप्त की। देश की इस सबसे बड़ी क्विज में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के सौ से अधिक कालेजों ने भाग लिया। खचाखच भरे गोमती नगर स्थित गडके सभागार में लखनऊ के अतिरिक्त देहरादून, नैनीताल, कानपुर, इलाहाबाद, फैजाबाद, वाराणसी एवं गोरखपुर शहरों के स्कूल के छात्र-छात्राओं की टीम ने इस प्रतियोगिता में सहभोगिता की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनूप मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार मिश्रा एवं टीसीएस लखनऊ के हेड जयंत कृष्णा ने ट्राफियां और पुरस्कार वितरित किये। मालूम हो कि लखनऊ देश में आई क्विज में सर्वोच्च रूप सेउभरा है। विगत वर्ष टीसीएस विज 2010 में लखनऊ देश के दूसरे स्थान पर रखा था। छह क्षेत्रीय फाइनलिस्ट को भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। टीसीएस के क्षेत्रीय राउंड आईटी विज का आयोजन इस साल लखनऊ सहित देश के 11 अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दिसंबर माह में 12 क्षेत्रीय दौर से आयी विजेता टीम राष्ट्रीय चैंपियन स्पर्धा में भाग लेंगी।

एसएनए में टीसीएस ने आयोजित क्विज प्रतियोगिता का विजयी ग्रुप ट्राफी के साथ पायनियर